प्रभात खबर
रांची, गुरुवार, 24 अप्रैल, 2014
www.prabhatkhabar.com

मेघालय के कृषि अधिकारियों ने किया दौरा, ली जानकारी

राजधानी में कई फार्म का निरीक्षण किया

अधिकारी झारखंड समेति के क्रियाकलापों की जानकारी लेने आये हैं.

वरीय संवाददाता, रांची

मेघालय के कृषि अधिकारी झारखंड के दौरे पर आये हुए हैं. बुधवार को मेघालय के अधिकारियों ने राजधानी में कई फार्म का निरीक्षण किया. अधिकारी झारखंड समेति के कार्यकलाप की जानकारी लेने आये हुए हैं. मेघालय में हाल ही में समेति का गठन किया गया है.

समेति झारखंड के निदेशक जटाशंकर चौधरी ने बताया कि अधिकारियों को संस्था के कार्यकलापों की जानकारी दी गयी.

कुछ दिनों तक वे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे. मेघालय की टीम का नेतृत्व एस थैंक्यू कर रही हैं. टीम के साथ राज्य समेति के मनोज कवि भी थे.